Date:
P. No:

# अध्याय 04

## वैश्वीकरण और भारतीय अर्थव्यवस्था

Imp
प्रश्न 1 विदेशी व्यापार या विदेशी निवेश किसे कहते है?

उत्तर 1 **विदेशी व्यापार :-** जब व्यापार एक से अधिक देशो मे होता है, तो उसे विदेशी व्यापार कहते है।

2 **विदेशी निवेश :-** बहुराष्ट्रीय कम्पनियो द्वारा विभिन्न क्षेत्रो पर किए गए निवेश को विदेशी निवेश कहते है।

Imp
प्रश्न-2 वैश्वीकरण किसे कहते है?

उत्तर अधिक विदेशी व्यापार और अधिक विदेशी निवेश के कारण विभिन्न देशो के बाजारो एवं उत्पादनो में एकीकरण हो रहा है। विभिन्न देशो के बाजारो एवं उत्पादनो मे एकीकरण हो रहा है। विभिन्न देशो के बीच परस्पर सम्बन्ध और तीव्र एकीकरण की प्रक्रिया को ही वैश्वीकरण कहते है।

Imp
प्रश्न-3 उदारीकरण किसे कहते है?

उत्तर सरकार द्वारा अवरोधो या प्रतिबंधो को हटाने की प्रक्रिया उदारीकरण कहलाती है। व्यापार के उदारीकरण से व्यापारियो को मुक्त रूप से निर्णय लेने की अनुमति मिली है। उदारीकरण के कारण वैश्वीकरण को बढ़ावा मिला है।

theboardstudy.com

Date:
P. No:

Imp
प्रश्न-4 विश्व व्यापार संगठन (WTO) क्या है?

उत्तर विश्व व्यापार संगठन :- विश्व व्यापार संगठन की स्थापना 1 जनवरी 1995 में हुई।

(1) इसका मुख्यालय जेनेवा में है। इस संगठन का लक्ष्य अंतर्राष्ट्रीय व्यापार को उदार बनाना है। विकसित देशों की पहल पर इसे शुरू किया गया यह व्यापार से संबंधित नियमों को निर्धारित करता है, और यह देखता है, कि नियमों का पालन हो विश्व के लगभग 164 देश व्यापार संगठन के सदस्य है।

प्रश्न 5 श्रम कानूनों में लचीलापन कंपनियों की कैसे मदद करेगा?

उत्तर श्रम कानूनों में लचीलापन कंपनियों की निम्नलिखित प्रकार से मदद करेगा :-

(1) नियोक्ता मजदूरों या श्रमिकों को अस्थाई तौर पर रखता है। जिसमे उस श्रमिकों को पूरे वर्ष भुगतान करने की आवश्यकता नहीं है।

(2) इससे नियोक्ता की लागत में कमी आती है। क्योंकि उसे श्रमिकों को कम भुगतान करना पड़ता है।

Imp
प्रश्न 6 वैश्वीकरण को बढ़ावा देने वाले कारक कौन-कौन है?

Date:
P. No:

वैश्वीकरण को बढ़ावा देने वाले कारक निम्न है।

1. बहुराष्ट्रीय कम्पनियाँ
2. उदारीकरण
3. यातायात के विकसित साधन
4. विश्व व्यापार संगठन
5. सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी
6. उच्च प्रौद्योगिकी आदि।

Imp
प्रश्न-7 बहुराष्ट्रीय कम्पनियों ने किस क्षेत्रों में सबसे ज्यादा निवेश किया है?

उत्तर बहुराष्ट्रीय कम्पनियों ने शहरी इलाको के उद्योगों सेलफोन मोटरगाड़ियों में इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों में बैंकिंग क्षेत्र में तथा पेय पदार्थों में ज्यादा निवेश किया है।

प्रश्न 8 वे कौन से विभिन्न तरीके है, जिनके द्वारा देशों को परस्पर संबंधित किया जाता है?

उत्तर निम्न तरीकों द्वारा विभिन्न देशों को परस्पर संबंधित किया जा सकता है।

i. विदेशी व्यापार तथा विदेशी निवेश द्वारा
ii. यातायात के विभिन्न साधन के द्वारा।
iii. शिक्षा और रोजगार के द्वारा।
iv. बहुराष्ट्रीय कंपनियों के द्वारा।

प्रश्न 9 Imp विदेशी निवेश को आकर्षित करने के लिए भारत सरकार द्वारा उठाए गए किन्हीं दो कदमों को लिखिए?

उत्तर भारत सरकार विदेशी निवेश तथा विदेशी व्यापार को आकर्षित करने के लिए जोर देती है।

theboardstudy.com

के लिए विश्व के उत्पादकों से प्रतिस्पर्धा करने का समय आ गया प्रतिस्पर्धा से देश में उत्पादकों के प्रदर्शन में सुधार होगा इसलिए भारत ने प्रतिबंध को हटा दिया।

ताकि भारत में उच्च प्रौद्योगिकी रोजगार के अवसर अर्थव्यवस्था और मित्रता को बढ़ावा मिले इसके लिए सरकार ने निम्न कदम उठाए -

(1) विदेशी निवेश के प्रतिबंध को हटाया गया अर्थात उदारीकरण को अपनाया गया।

(2) तकनीकी तथा विदेशी कच्चे माल के आयात पर प्रतिबंध हटाया गया।

प्रश्न 10 भारत सरकार द्वारा विदेशी व्यापार और विदेशी निवेश पर प्रतिबंध लगाने के क्या कारण है, इन प्रतिबंधों को सरकार क्यों हटाना चाहती है।

उत्तर स्वतंत्रता के बाद सरकार ने विदेशी व्यापार और विदेशी निवेश पर प्रतिबंध लगा रखा था। देश के उत्पादकों को विदेशी प्रतिस्पर्धा से संरक्षण प्रदान करने के लिए यह अनिवार्य माना गया। 1950 से 1960 के दशक में उद्योगों का उदय हो रहा था और इस स्थिति में यदि विदेशी व्यापार होता है, तो भारत के उद्योग विकसित नहीं होते इसलिए भारत ने केवल अनिवार्य वस्तुओं जैसे मशीनों उर्वरक और पेट्रोल के आयात की ही अनुमति दी थी। भारत में करीब सन 1991 के प्रारम्भ से नीतियों में कुछ परिवर्तन किए गए। सरकार ने यह निश्चित किया कि भारतीय उत्पादकों

Date:
P. No:

सरकार ने यह निश्चय किया कि भारतीय उत्पादकों के लिए विश्व के उत्पादकों से प्रतिस्पर्धा करने का समय आ गया प्रतिस्पर्धा से देश में उत्पादक के प्रदर्शन में सुधार होगा इसलिए भारत ने प्रतिबंधों को हटा दिया।

प्रश्न-11 ऐसी कुछ भारतीय कम्पनियों के नाम बताइए जो बहुराष्ट्रीय कम्पनियों के रूप में कार्य कर रही है।?

उत्तर वैश्वीकरण ने कुछ बड़ी भारतीय कम्पनियों को बहुराष्ट्रीय कम्पनियों के रूप में उभरने के योग्य बनाया गया। टाटा मोटर्स (मोटर गाड़ियाँ), इंफोसिस (आई.टी), रेनबैक्सी (दवाईयाँ), एशियन पेन्ट्स (पेंट), सुन्दरम फास्नर्स (नट तथा बोल्ट) इत्यादि कम्पनियाँ है जो विश्व स्तर पर प्रसार (वृद्धि) कर रही है।

प्रश्न 12 वैश्वीकरण के कारण बैटरी, प्लास्टिक खिलौने, टायरों, डेयरी उत्पादों खाद्य तेल के उद्योग इत्यादि प्रतिस्पर्धा के कारण प्रभावित हुए है, और धीरे-धीरे ये उद्योग बंद हो रहे है।

Imp

प्रश्न 13 वैश्वीकरण के दो लाभ तथा दो हानियाँ लिखिए।

Date:
P. No:

उत्तर वैश्वीकरण के लाभ :

(I) विदेशी व्यापार और विदेशी निवेश को बढ़ावा मिला है, जिससे देश की अर्थव्यवस्था में सुधार हुआ है।

(II) नई तकनीक, आविष्कार तथा प्रौद्योगिकी का विकास हुआ है।

वैश्वीकरण से हानियाँ :

(i) इसका लाभ केवल पूंजीपति वर्ग को मिला है, श्रमिक वर्ग को नहीं।

(II) बेरोजगारी में वृद्धि हुई है, तथा छोटे उद्योगो पर बुरा प्रभाव पड़ा है।

प्रश्न-14 बहुराष्ट्रीय कम्पनी अन्य कम्पनियों से किस प्रकार अलग है?

उत्तर बहुराष्ट्रीय कम्पनी वे कंपनी है, जो अपने व्यापार का संचालन एवं नियंत्रण एक से अधिक देश मे करती है। किन्तु अन्य कम्पनियां अपने व्यापार का संचालन एवं नियंत्रण अपने ही देश में करती है।

प्रश्न-15 न्यायसंगत वैश्वीकरण से क्या तात्पर्य है?

उत्तर न्यायसंगत वैश्वीकरण :- वैश्वीकरण का प्रभाव एक समान नहीं है, अर्थात वैश्वीकरण न्यायसंगत नहीं है, न्यायसंगत वैश्वीकरण का तात्पर्य है कि वैश्वीकरण का लाभ समाज के सभी वर्गों को एक समान हो।

Date:
P. No:

प्रश्न-16 (Imp) कंटेनर कंटेनर किसे कहते है? इसके लाभ लिखिए

उत्तर वस्तुओ के कंटेनरो में रखा जाता है जिससे इन्हे जहाजो, रेलो, वायुयानो एवं ट्रको पर बिना क्षति के लादा जा सके कंटेनरो से ढुलाई लागत में भारी बचत हुई है और सामान को बाजारो तक पहुँचाने की गति में वृद्धि हुई

प्रश्न-17 (Imp) सूचना तथा संचार प्रौद्योगिकी से क्या तात्पर्य है?

उत्तर वर्तमान समय में दूर संचार कम्प्यूटर और इंटरनेट के क्षेत्र में तकनीक में तेजी से वृद्धि हो रही है. दूर संचार सुविधाओ का प्रयोग विश्व भर में एक-दूसरे से सम्पर्क करने सूचनाओ को तत्काल प्राप्त करने और भोजन के लिए किया जाता है। ये सुविधाएँ संचार उपग्रह द्वारा सुगम हुई है। सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी के द्वारा वैश्वीकरण का लाभ हुआ है।

प्रश्न-18 (2024) अतीत में देशो को जोड़ने का मुख्य माध्यम क्या था?

उत्तर अतीत में देशो को जोड़ने का मुख्य माध्यम व्यापार था।

प्रश्न-19 स्वतंत्रता के बाद भारत सरकार ने किस पर प्रतिबन्ध लगा दिया था?

उत्तर स्वतंत्रता के बाद भारत सरकार ने विदेशी व्यापार और विदेशी निवेश

पर प्रतिबन्ध लगा दिया था जिसे 1991 के लगभग हटा दिया था।

प्रश्न-20 एक बहुराष्ट्रीय कंपनी किस स्थान पर अपनी उत्पादन इकाई स्थापित करता है। ? [2023]

उत्तर एक बहुराष्ट्रीय कंपनी निम्न स्थानो पर अपनी उत्पादन इकाई स्थापित करती है।

1. जहाँ बाजार नजदीक हो
2. आवागमन के साधन उपलब्ध हो
3. बिजली, जल, बैंकिंग सुविधाएँ आदि उपलब्ध हो।

प्रश्न 21 वैश्वीकरण का प्रभाव सभी के लिए एक समान नहीं है. इस कथन को स्पष्ट कीजिए।

उत्तर वैश्वीकरण ने केवल पूँजीवादी वर्ग और शिक्षित वर्ग को ही लाभ पहुँचाया है गरीब व्यक्ति या अशिक्षित व्यक्ति वैश्वीकरण के लाभ से वंचित है, वैश्वीकरण के कारण अमीर देश और अमीर होता जा रहा है. और गरीब देश और गरीब होता अतः कह सकते है कि वैश्वीकरण का प्रभाव सभी के एक समान है।

प्रश्न-22 वैश्वीकरण के पिछले दो दशको में तीव्र परिवर्तन देखा गया है ?

उत्तर देशों के बीच वस्तु, निवेशो और लोगो का।

Date:
P. No:

प्रश्न 22 बहुराष्ट्रीय निगम की परिभाषा दीजिए (2022)

उत्तर बहुराष्ट्रीय निगम :-

एक बहुराष्ट्रीय निगम य कम्पनी वह है, जो एक से अधिक देशो में उत्पादन पर नियंत्रण रखती है।

प्रश्न-24 दो बहुराष्ट्रीय कंम्पनियो के नाम लिखिए (202

उत्तर (i) फोर्ड मोटर्स, मोहिंद्रा (ii) अमेजॉन, पत्नी कम्टमूतरं आदि।

प्रश्न-25 मोटर गाड़ी उद्योग किसे कहते है? 2024

उत्तर मोटर गाड़ी उद्योग यात्रियो तथा समान के तीव्र परिवहन का साधन है। भारत मे विभिन्न केन्द्रो पर ट्रक, बसे, कार, मोटर-साईकल - स्कूटर वाहन निर्मित किये जाते है। उदारीकरण के बाद इस उद्योग में आधुनिक मॉडल की कार दोपहिया तथा तिपहिया वाहनो में अपार वृद्धि हुई है।

Imp
प्रश्न 26 सहकारी उद्योग किसे कहते है? 2024

उत्तर जिन उद्योगो का स्वामित्व कच्चे माल की पूर्ति करने वाले उत्पादको श्रमिको के हाथो मे होता है उसे सहकारी उद्योग कहते है. इससे लाभ-हानि का विभाजन भी अनुपातिक उद्योग है, जैसे - महाराष्ट्र के चीनी उद्योग केरल के नारियल पर आधारित उद्योग।

प्रश्न 29 विदेशी व्यापार क्या है?

उत्तर 29 विदेशी व्यापार :- विदेशी व्यापार से आशय दो या दो से अधिक पृथक सत्ताधारी राष्ट्रों के बीच वस्तुओं और सेवाओं के विनिमय से है।

विदेशी व्यापार तीन प्रकार का होता है :-

(I) आयात व्यापार :- आयात व्यापार से आशय दूसरे राष्ट्रों से माल अपने देश में मंगवाने से है।

(II) निर्यात व्यापार :- निर्यात व्यापार से आशय अपने देश से विदेशी विदेशों को माल भेजे जाने से है।

theboardstudy.com

Date:
P. No:

(iii) निर्यात हेतु आयात :- जब वस्तुएँ किसी एक देश में दूसरे देश से स्थानीय उपयोग के लिए आयात नहीं की गई हो वरन् वहाँ से किसी अन्य देश को निर्यात नहीं की गई हो वरन् का निर्यात करने के उद्देश्य से आयात की गई हो, तो ऐसे व्यापार को निर्यात हेतु आयात कहते है।

प्रश्न 28 भारत में चीनी खिलौने के व्यापार पर टिप्पणी कीजिए ?

उत्तर व्यापार के कारण चीनी खिलौने भारत के बाजारो में आए (भारतीय और चीनी खिलौनो की प्रतिस्पर्धा में चीनी खिलौने बेहतर साबित हुए। भारतीय खरीददारो के समक्ष कम कीमत पर खिलौनो के अपेक्षाकृत अधिक विकल्प है। इससे चीन के खिलौना निर्माताओ को अपना व्यवसाय फैलाने के लिए अवसर प्राप्त होता है, इसके विपरीत भारतीय खिलौना निर्माताओ को हानि होती है, क्योकि उनके खिलौने कम बिकते है एक वर्ष में ही खिलौने की 70-80 प्रतिशत दुकानो में भारतीय खिलौनो का स्थान चीनी खिलौनो ने ले लिया है।

Imp
प्रश्न 29 निम्न को परिभाषित कीजिए ?
(i) सेज (ii) अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष

उत्तर (1) सेज: किसी विशेष क्षेत्र में अतिरिक्त सुविधाएँ प्रदान कर विदेशी कंपनियों निवेश के लिए आकर्षित करना।

(2) अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष: यह एक अंतर्राष्ट्रीय संस्था है जो अपने सदस्य देशों को विदेशी मुद्रा उपलब्ध कराती है, ताकि वे विकास कर सके।

2023 प्रश्न30 भारत में वैश्वीकरण का प्रभाव लिखिए।

उत्तर विगत बीस वर्षों में भारतीय अर्थव्यवस्था के वैश्वीकरण ने एक लम्बी दूरी तय की है। स्थानीय एवं विदेशी दोनों के बीच वृहत्तर प्रतिस्पर्धा से उपभोक्ताओं विशेषकर शहरी क्षेत्र में धनी वर्ग के उपभोक्ताओं को लाभ हुआ। इन उपभोक्ताओं के पास पहले से अधिक विकल्प है, और वे अब अनेक उत्पादकों की उत्कृष्ट गुणवत्ता और कम कीमत का लाभ ले रहे है परिणामस्वरूप ये लोग पहले की अपेक्षाकृत उच्चतर जीवन स्तर का आनंद ले रहे है।

वैश्वीकरण निवेश में वृद्धि की है बहुराष्ट्रीय कंपनियों ने शहरी क्षेत्रों के उद्योगों में जैसे सेलफोन, इलेक्ट्रॉनिक्स, खेल जैसी सेवाओं के निवेश में रुचि दिखाई,